वित्त वर्ष 2024 में FDI इक्विटी अंतर्वाह में गिरावट

स्रोत: बिज़नेस स्टैंडर्ड

भारत में **प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (Foreign direct investment- FDI)** इक्विटी अंतर्वाह 31 मार्च, 2024 को समाप्त हुए वित्तीय वर्ष (FY24) में **पाँच वर्षों के निम्नतम स्तर (44.42 बिलियन अमेरिकी डॉलर)** पर पहुँच गया, जो वर्ष-दर-वर्ष (Y-o-Y) 3.5% संकुचन को दर्शाता है।

- FDI इक्विटी अंतर्वाह में गिरावट के लिये बाह्य कारकों को उत्तरदायी माना जा सकता है, जैसे- उन्नत अर्थव्यवस्थाओं में **उच्च ब्याज दरें** तथा भारत के विभिन्न क्षेत्रों में सीमित अवशोषण क्षमता (किसी व्यवसायिक क्षेत्र में उत्पादन क्षमता की निर्धारित सीमा)।
- **उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्द्धन विभाग (Department for Promotion of Industry and Internal Trade- DPIIT)** के अनुसार, इक्विटी पूंजी, पुनर्निवेशित आय तथा अन्य पूंजी सहित कुल FDI वर्ष-दर-वर्ष 1% की दर से घटते हुए वित्त वर्ष 2024 के दौरान 70.95 बिलियन अमेरिकी डॉलर के स्तर पर पहुँच गया।
- **सिंगापुर 11.77 बिलियन अमेरिकी डॉलर के FDI के साथ शीर्ष निवेशक** बना रहा, जिसके बाद मॉरीशस, संयुक्त राज्य अमेरिका, नीदरलैंड और जापान का स्थान रहा।
- महाराष्ट्र निवेशकों के लिये सबसे पसंदीदा गंतव्य बना रहा, जहाँ 15.11 बिलियन अमेरिकी डॉलर का निवेश हुआ, हालाँकि यहाँ अंतर्वाह में 2% की गिरावट आई, जिसके बाद कर्नाटक का स्थान रहा।
- **कंप्यूटर सॉफ्टवेयर और हार्डवेयर**, सेवा क्षेत्र तथा ट्रेडिंग FDI के शीर्ष प्राप्तकर्त्ता थे, लेकिन तीनों क्षेत्रों में प्रवाह में गिरावट देखी गई।



DOWNWARD PRESSURE

Year	FDI equity inflow (in $ bn)	% change Y-o-Y
FY20	49.9	13
FY21	59.6	19
FY22	58.7	-1
FY23	46.0	-22
FY24	44.4	-3

Source: DPIIT

//

और पढ़ें: भारत की प्रत्यक्ष विदेशी निवेश प्रवृत्तियाँ

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/decline-in-fdi-equity-inflows-in-fy2024